Printed Pages – 4

I-04

B.A. (Part-I) Examination, 2020

HINDI LITERATURE

Paper - I

(प्राचीन हिन्दी काव्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

Q. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 3×8=24

(क) राम रसायण प्रेम रस, पीवत अधिक रसाल।
कबीर पीवण दुर्लभ है, माँगै सीस कलाल।।
जाका गुरु अंधला, चेला खरा निरंध।
अंधे-अंधा ठेलिया, दून्यूँ कूप पड़ंत।।

(ख) जीवन मुँहचाही को नीको।
दरस परस दिन-रात करति हैं कान्ह पियारे पीको।।
नयनन मूंदि-मूंदि किन देखौ, बंध्यौ ज्ञान पोथी को।
आछे सुन्दर स्याम मनोहर और जगत सब फीको।।

(ग) पहिले घनआनन्द सींचि सुजान कहीं बतियाँ अति प्यार पगी।
अब लाय वियोग की लाय बलाय बढ़ाय, बिसास दगानि दगी।।
अँखियाँ दुखियानि कुबानि परी, न कहूँ लगैं कौन घरी सुलगी।
मति दौरि थकी न लहै ठिकठौर, अमोही के मोह मिठास ठगी।।

(घ) रायं सुभायं मुकुरु कर लीन्हा।
बदनु बिलोकि मुकुट सम कीन्हा।।
श्रवण समीप भए सित केसा।
मनहुं जरठपनु अस उपदेसा।।
नृप जुबराज राम कहुं देहू।
जीवन जनम लाहु किन लेहू।।

(ङ) पिउ सौं कहेउ सँदेसड़ा, हे भौंरा ! हे कागा।।
सो धनि बिरहै जरि मुई, तेहि क धुवाँ हम लाग।।
रकत दुरा माँसू गरा, हाड़ भएउ सब संख।
धनि सारस होइ ररि मुई, पीउ समेटहि पंख।।

Q. 2. संत काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 12

अथवा

बारहमासा के आधार पर नागमती के वियोग का वर्णन कीजिए।

Q. 3. 'घनानंद रसरीति के मर्मज्ञ कवि हैं' इस कथन की समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

पाठ्यक्रम में संकलित अयोध्याकांड के अंश का सारांश लिखिए।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 3×5=15

(क) रसखान का साहित्यिक परिचय
(ख) कबीर के राम
(ग) रीतिमुक्त काव्यधारा
(घ) विद्यापति
(ङ) उधौ का चरित्र-चित्रण

Q. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं बारह प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 1×12=12

(i) रसखान किसके शिष्य थे ?
(ii) रहीम का पूरा नाम लिखिए।
(iii) 'अभिनव जयदेव' किस कवि को कहा जाता है ?
(iv) घनानन्द के काव्य का मूल क्या है ?
(v) मुहम्मद शाह रंगीले और घनानन्द के बीच क्या संबंध था ?

(vi) तुलसी को भक्तयुग का सबसे बड़ा लोकनायक किसने कहा है ?

(vii) 'कोउ नृप होउ हमहिं का हानी, चेरि छांड़ि अब होब कि रानी' किसकी पंक्ति है ?

(viii) सूरदास की सर्वश्रेष्ठ रचना का नाम लिखिए।

(ix) 'पुष्टिमार्ग का जहाज' किसे कहा जाता है ?

(x) 'पिउ वियोग अस बाउर जीऊ पपिहा निति बोले पिउ पीऊ' किसकी पंक्ति है ?

(xi) रतनसेन कहाँ का राजा था ?

(xii) कबीर का पेशा क्या था ?

(xiii) बीजक के कितने भाग हैं ? नाम लिखिए।

(xiv) सवैया किसका प्रिय छन्द है ?

(xv) रहीम किसके पुत्र थे ?